izlkj Hkkjrh

vkdk'kok.kh dsUæ f'keyk

09-09-2024@izknsf'kd lekpkj@920cts

## fo/kk lHkk l!

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानूसन सत्र के दसवें दिन आज सदन की कार्रवाई बाद दोपहर दो बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा कई अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। प्रश्नकाल में नाबार्ड को भेजी योजनाओं, हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजना पर भी सवाल उठाए जाएंगे। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जवाब देंगे। सदन में राज्य के लीज रूल्स के तहत आवासीय कॉलोनियों के लिए भी बोनाफाईड हाउसिंग सोसाइटीज को भी आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए नियम 130 के तहत चर्चा होगी। इस संबंध में विधायक संजय रत्न, राकेश जम्वाल, मलेंद्र राजन, प्रकाश राणा, विवेक शर्मा की ओर से चर्चा मांगी गई है। विधानसभा सदस्य पवन काजल पेयजल समस्या और विपिन सिंह परमार जीया–बड़सर–घनेटा की  सिंचाई योजना की खराब हालत पर नियम 62 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाएंगे। नियम 130 के तहत प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर चर्चा के लिए कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया, चंद्रशेखर और केवल सिंह पठानिया ने प्रस्ताव दिया है। सत्र के दौरान प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर भी आज सदन गर्माने के आसार हैं।

## f'k"kk e!h

प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करेगी। ये बात कल शिमला में राज्य ज्ञान–विज्ञान समिति द्वारा ''नशे के संकट से युवाओं को बचाओ'' विषय पर आयोजित अधिवेशन के दौरान  शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में सिंथेटिक ड्रग में तेजी से वृद्धि हुई है जो गहन चिंता का विषय है और इस मुद्दे को जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नशे के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए कानून में भी प्रभावी बदलाव लाने की जरूरत है और इस दिशा में भी विचार किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने नशाखोरी की रोकथम विषय पर अपने विचार साझा किए।

## jk$%h' ik$k.k ek(

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अब तक 1 करोड़ 79 लाख गतिविधियां आयोजित की गई हैं। एक सितम्बर से शुरू पोषण माह इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। इस दौरान खून की कमी, संतुलित विकास, पूरक आहार व पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान एक पेड़ मां के नाम पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत 13 लाख 95 हजार आंगनवाडी केन्द्रों को पौधरोपण में शामिल किया जाएगा। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि अब तक पूरक आहार से संबंधित बीस लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। मंत्रालय के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों के सात सौ

56 जिले सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान में भाग ले रहे हैं और लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश में भी लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए बच्चों व महिलाओं के अलावा अन्य लोगों को भी बेहतर पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है।

ih)e*e dh ckr

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। लोग नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव भेज सकते हैं।

vkj vc lf-k'k lekpkj i!k l****

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है ek/%jek01 dk n'k yk e 2( e!ky' l ek2h enn*nc0 e f4ik ( f(ekpy d yk2k l 52h dj okyk lHkk$k6 v2y e(h -k7e (k j(k vkjkih dk oht k8

9 lfpoky' deekjh rkvk d f-kyk: fifoy t ek'k शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है lko.tf d ep l ljdkj d ef!'k d f-kyk: f%;i.kh dj k i1k e(2k8 दैनिक जागरण के अनुसार 4( depkjh rkvk d fo=> fo'k$kkf/kdkj ( dk kf%l8

विधानसभा के मानसून सत्र पर हिमाचल दस्तक के शब्द हैं vkt nk ct 'k= (k2h fo/kk lHkk6 in'k dh fo7rh' vkf?kd f/?kfr ij (k2h ppk8 दिव्य हिमाचल का कहना है 0yf@%fl%h 1'%h e cnyko dj2h ljdkj*vkt fo/kk lHkk e fcy yk)2 e-'e!h6 dy ikfjr (k2k8

दैनिक भास्कर की एक खबर है jk(1 e C9 lky ckn (k2k Hk1k e(k'D6 i(k1h l Ekkl dh j/lh l Frj2k c1k8

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से आपका फैसला ने खबर दी है yk2k rd 'kt kvk dk ykHk tGn i(p2k8

f(ekpy dk ih)e vkokl 'kt k e fey 92 (tkj C94 Ekj शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है dnh' 2keh.k fodkl e!ky' in'k ljdkj dk Hkth vioy dh fp%5h8

———————————